प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 09.03.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा– आयुष्मान भारत योजना और आरोग्य मंदिर से ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार।
2. प्रदेश में हाई–स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन ने निजी कम्पनी के साथ किया करार : वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा– प्रदेश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेगा यह कदम।
3. राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं मथुरा : पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की कल करेंगी अध्यक्षता।

और

4. लखनऊ में आज निकाला गया ताबूत–ए–गिलीम का जुलूस : 11 मार्च को जुलूस के मद्देनज़र पर्यटकों के लिये बंद रहेगा छोटा और बड़ा इमामबाड़ा।

————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है। सबका साथ सबका विकास जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति विषय पर बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने यह बात कही। बाइट.....

*साथियों, भारत आज प्रिवेंटिव और होलिस्टिक हेल्थ के लिए एक विशाल विज़न पर काम कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में देश का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है, सैकड़ों जिलों में नए–नए मेडिकल कॉलेज खुल गए हैं। आयुष्मान भारत योजना, आरोग्य मंदिरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव–गांव तक बढ़ाई गई है।*

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यह बजट का आधार और सरकार की प्रतिबद्धता है। श्री मोदी ने कहा कि केयर गिवर्स की बढ़ती वैश्विक मांग देश के लाखों युवाओं के लिए कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है।

*एक अहम विषय, जिसका मैं जिक्र करना चाहूंगा, वो है केयर इकॉनमी। आने वाले दशक में देश में सीनियर सिटीजन्स की संख्या तेजी से बढ़ेगी। इसके अलावा, आज वर्तमान में, दुनिया के कईदेशों में केयर गिवर्स की भारी मांग है। इसलिए, अब हेल्थ सेक्टर में लाखों युवाओं के लिए, नई स्किल आधारित रोजगार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं।*

प्रधानमंत्री ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती संख्या पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य की प्रौद्योगिकियों में बेटियों के लिए

समान अवसर सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

———————————

प्रदेश में हाई–स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए वित्त और संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की मौजूदगी में आज स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन न एक निजी कम्पनी के साथ एमओयू साइन किया। 'प्रोजेक्ट गंगा' के तहत हुए इस समझौते में अगले 2 से 3 वर्षों में 20 लाख से अधिक घरों तक हाई–स्पीड इंटरनेट पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में श्री खन्ना ने कहा कि यह समझौता प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का मजबूत करने के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। बाइट.....

*तकनीकी सशक्तिकरण यह बहुत बड़ा* change *लक्षित है और 20 लाख घरों को इसका लक्ष्य है। लगभग एक करोड़ लोगों तक इसको पहुंचाने का लक्ष्य है। अगर हम अपनी कलेक्टिविटी और खासतौर से इंटरनेट सेवाएं जिस ब्रॉड बैंड के माध्यम से हम उसका विस्तार देंगे तो जिससे बहुत बड़ी संभावनाएं हमारी डेवलप होंगी और इसमें आठ से दस हज़ार युवकों को खासतौर से डिजिटल सर्विल प्रोवाइडर के रूप में विकसित करना है और खासतौर से महिलाओं को भी इसमें* opportunity *मिलने वाली है। तो कुल मिलाकर* digitization *के* infrastructure *को बढ़ावा देने वाला एक ऐसा कदम है जिससे पूरा* scenario *प्रभावित होगा।*

———————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज दो दिवसीय दौरे पर मथुरा पहुंची। राज्यपाल ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु

चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय और गो अनुसंधान संस्थान परिसर का भ्रमण कर विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय की दीवारों पर बनाई गई कलात्मक वॉल पेंटिंग्स का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने बैठक कर विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर बिंदुवार समीक्षा की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। वहीं कल राज्यपाल की अध्यक्षता में संस्थान का 15वाँ दीक्षांत समारोह होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त डॉ नवीन बी. महेश्वरप्पा उपस्थित रहेंगे।

————————

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने आज लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा शासनादेश के विपरीत फीस लिए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में विश्वविद्यालयों की शुल्क संरचना, परीक्षा शुल्क और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य विश्वविद्यालयों को निर्धारित शासनादेश के अनुसार ही परीक्षा शुल्क लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक परीक्षा शुल्क लिया जाता है तो उसकी ऑडिट कराई जा सकती है और आवश्यकतानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

लखनऊ में आज शिया समुदाय ने ताबूत–ए–गिलीम का जुलूस निकाला। 19वीं रमजान के मौके पर निकाला गया यह जुलूस रौज़ा–ए–काज़मैन से शुरू होकर मस्जिद कूफा पर खत्म हुआ। यह जुलूस इस्लाम धर्म के खलीफा हजरत अली की शहादत की याद में निकाला जाता है। जुलूस को देखते हुए जगह जगह पर यातायात परिवर्तित रहा। इसी क्रम में 11 मार्च यानी 21वें रमज़ान को जुलूस के मद्देनज़र बड़ा इमामबाड़ा स्थित भूलभूलैया, शाही बाउली और छोटा इमामबाड़ा स्थित शाही हम्माम और पिक्चर गैलरो पर्यटकों के लिए बंद रहेंगे।

———————————

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह ने आज अयोध्या में राज्य स्तरीय बेसिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का

उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास क लिए शिक्षा के साथ–साथ खेल भी बेहद जरूरी है। बाइट.....

*खेलों को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के साथ–साथ खेल भी बहुत ज्यादा आवश्यक है। इसको समझते हुए राज्य स्तरीय क्रीड़ा की प्रतियोगिता, खेल की प्रतियोगिता अयोध्या में आयोजित की जा रही है। हम सभी लोग बड़े ही प्रसन्न हैं कि जिस तरह से आज बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए हर एक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बच्चों के भविष्य को संवारने के लिए आज सरकार के द्वारा हर एक क्षेत्र में बहुत अच्छे संसाधन, अच्छा infrastructure और एक अच्छा वातावरण उपलब्ध कराने के लिए हम सब लोग पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं और कार्य कर रहे हैं।*

————————

प्रयागराज स्थित मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन–डीआरडीओ की ओर से 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य रक्षा और सैन्य विकास के लिए नैनोपार्टिकल्स के अनप्रयोगों को परखना और शोध कर रहे छात्रों या विभागों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीआरडीओ कानपुर के निदेशक किंशुक मुखोपाध्याय ने कहा कि डीआरडीओ की तरफ से करीब 100 करोड़ रुपए का एक प्रोजेक्ट तैयार किया गया है जिसके लिए देश के

**किसी अग्रणी शिक्षण संस्थान का चयन किया जाएगा।**

**बाइट.....**

*जिसमें जो Aero stealth में जो लोग काम करना चाहे इधर कोई भी academic institute से वो लोग project submit कर सकते हैं। तो project अगर हम लोग का नेमनिस होगा तो हम लोग उसको आगे बढ़ा देंगे and उसमें उसको निदक वगैरह मिल जाएगा। काम करने का मौका मिलेगा जो at the end वो DRDO India का ही काम में आएगा।*

—————————

**कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए सुरक्षित, अनुशासित और प्रेरक आवासीय**

**वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रतापगढ़, गाजियाबाद और अयोध्या में केजीबीवी वार्डनों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से शुरू हो गया। यह प्रशिक्षण नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन और भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। उद्‌घाटन सत्र में केंद्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी रामनिवास ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण वार्डनों की नेतृत्व क्षमता, प्रबंधन कौशल और बालिका संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता को और सुदृढ़ करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीक से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों से वार्डन प्रतिभाग कर रही हैं।**

—————————

इटावा सफारी पार्क में शेरनी नीरजा ने कल चार शावकों को जन्म दिया है। सफारी के निदेशक डॉक्टर अनिल पटेल ने बताया कि सफारी प्रशासन द्वारा इनकी नियमित निगरानी सी.सी.टी.वी. कैमरे से की जा रही है। शेरनी नीरजा अपने चारों शावकों की देखरेख अच्छे से कर रही है। उन्होंने कहा कि इन शावकों को मिलाकर अब इटावा लायन सफारी में शेरों की संख्या बढ़कर 23 हो गई ह।

(समाप्त)